Regarding need to sanction construction of Ujjain-Jhalawar Railway Line-Laid

श्री रोडमल नागर **(राजगढ़) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ मध्यप्रदेश की प्रस्तावित झालावाड-से उज्जैन नवीन रेललाईन को स्वीकृति दिये जाने की मांग निरंतर की जा रही हैं । देश भर के प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर उज्जैन से घोसला, आगर, सुसनेर, नलखेड़ा (माता बगलामुखी मंदिर) होते हुए सोयत तक कें क्षेत्र को पहली बार रेल सुविधा का लाभ मिलेगा । इसकें साथ ही उज्जैन से दिल्ली के लिये सीधा, सस्ता व समय की बचत वाला अतिरिक्त रेलमार्ग उप्लब्ध होगा, जो कि उज्जैन, आगर-मालवा, झालवाड़ क्षेत्र के अंतर्राज्यीय व्यापार, व्यवसाय, पर्यटक आवागमन व धार्मिक सर्किट के रूप में महत्वपूर्ण होगा । अतः जनहित में प्रस्तावित उज्जैन से झालावाड़ रेललाईन के निर्माण की स्वीकृति देकर अनुगहित करें ।